पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

बाबा साहेब पूरे राष्ट्र के नेता थे --श्री नाईक

लखनऊः 14 अप्रैल, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन मंे भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके अपनी आदरांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजभवन के सभी अधिकारी उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि डा0 अम्बेडकर के उच्च आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इससे पूर्व राज्यपाल ने डा0 अम्बेडकर महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतरत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इस अवसर पर लखनऊ के पूर्व महापौर एवं प्रख्यात बौद्ध विद्वान, डा0 दाऊजी गुप्ता तथा प्रख्यात चिकित्सक, प्रो0 एस0एन0 कुरील को सम्मान पत्र, शाल व स्मृति चिन्ह देकर डा0 अम्बेडकर रत्न सम्मान से अंलकृत भी किया।

राज्यपाल ने कहा कि संविधान में डा0 भीमराव अम्बेडकर का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सबको शिक्षित और संगठित होने का सन्देश दिया तथा समानता का अधिकार दिया। बाबा साहेब पूरे राष्ट्र के नेता थे, उन्हें जाति से जोड़कर सीमित रखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आज का दिन समाज को कीर्तिशील बनाकर आगे चलने का संकल्प लेने का दिन है।

श्री नाईक ने कहा कि डा0 अम्बेडकर ने अपने जीवन में यह दिखाया कि गरीबी में जन्म लेने के बाद भी अपने भरोसे पर इतबार करके समाज में ऊंचा स्थान प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विदेशो में भी शिक्षा ग्रहण की लेकिन अपने शिक्षा में सहयोग करने वालों को कभी नहीं भुलें। भारतरत्न उन्हें अपनी परिश्रम से मिला। उन्होंने कहा कि हमें उनके विचारों को आत्मसात करते हुए बाबा साहेब के दिखाये रास्ते पर चलने का प्रयास करना होगा।

डा0 दाऊजी गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब की करनी और कथनी में कोई अन्तर नहीं था। डा0 अम्बेडकर के प्रति अपना सम्मान प्रकट करते हुए उन्होंने उनसे जुड़े कई संस्मरण भी सुनाये।

प्रो0 एस0एन0 कुरील ने अम्बेडकर महासभा द्वारा दिये गये सम्मान पर आभार जताते हुए कहा कि अम्बेडकर महासभा ने उनके अनुसंधान को पहचान दी। उन्होंने कहा कि वे आज जो भी हैं, वह बाबा साहेब के आदर्शों पर ही चलकर सम्भव हुआ है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर शिल्पकार, श्री अमर नाथ प्रजापति द्वारा लखनऊ में लगाई जाने वाली 125 फुट की डा0 अम्बेडकर की प्रतिमा के एक प्रतिरूप का भी अनावरण किया।

कार्यक्रम में प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री, श्री अवधेश प्रसाद सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री लालजी निर्मल ने किया।

भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर महासभा के तत्वावधान में
बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर का
जन्म दिवस समारोह
श्री राम नाईक राज्यपाल उ.प्र.
10:00 बजे
भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहब
दाऊजी गुप्त - प्रख्यात बौद्ध
14 अप्रैल 2015,

मुख्य अतिथि : माननीय श्री राम नाईक राज्यपाल उ.प्र.
दिनांक : 14 अप्रैल 2015, समय : प्रातः 10:00 बजे
स्थान : डा0 अम्बेडकर महासभा परिसर, लखनऊ
डा. दाऊजी गुप्त